Finding of Audit report of NCCF on purchase of Food item by NCCF, Patna Branch

1224. SHRI ISH DUTT YADAV: Will the Minister of FOOD AND CIVIL SUPPLIES be pleased to refer to the reply to Unstarred Question 3169 given in the Rajya Sabha on the 19th August, 1988 and state:

(a) whether investigations into the irregularities committed by Patna Branch have been completed;

(b) if not, what is the present position stating the period by when investigation are likely to be completed; and

(c) what disciplinary action has been taken against the officials involved in the cases of irregularities committed at Patna Branch of NCCF, which were brought out by the C & A. G. in its report?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOOD AND CIVIL SUPPLIES (SHRI D.L. BAITHA): (a) and (b) The NCCF have reported that the vigilance investigations into irregularities committed by its Patna Branch in respect of purchase of potatoes and masoor chanti are in final stages of completion. The report is expected to be submitted within a period of one month.

(c) NCCF have reported that the irregularities of the Patna Branch as pointed out in the report of Comptroller and Auditor General were examined by its internal audit wing which had found out specific lapses in respect of potatoes business and purchase of masoor chanti only. Disciplinary action can be taken against the officer concerned only on the finalisation of the investigations referred to in reply to parts (a) & (b) above.

सुपर बाजारों में सुरक्षा अधिकारी

1225. **श्री सन्तोष बागड़ोदिया:** क्या **खाद्य और नागरिक पूर्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) दिल्ली में सुपर बाजारों संख्या की कितनी है;

(ख) क्या यह सच है कि सभी सुपर बाजारों में सुरक्षा अधिकारी नहीं हैं;

(ग) सुपर बाजार में सुरक्षा अधिकारियों की कुल संख्या कितनी है और उनके कितने पद रिक्त पड़े हैं;

(घ) क्या यह भी सच है कि सुपर बाजार के मुख्य सुरक्षा अधिकारी का पद काफी समय से रिक्त पड़ा है; और

(ङ) यदि हां, तो इस पद के कब तक भर लिए जाने की संभावना है और उक्त पद को न भरे जाने के क्या कारण हैं?

खाद्य और नागरिक पूर्ति मंत्रालय में उपमंत्री (श्री डी० एल० बैठा): (क) इस समय दि कोआपरेटिव स्टोर लि०, नई दिल्ली, जो "सुपर बाजार" के नाम से लोकप्रिय है, चार क्षेत्रीय वितरण केन्द्रों के जरिए कार्य करता है। ये क्षेत्रीय वितरण केन्द्र कनाट प्लेस, आई० एन० ए०, पटेल नगर तथा त्रिलोकपुरी में स्थित हैं। यह समिति 117 शाखाएं भी चला रही है, जो शहर के विभिन्न भागों में स्थित हैं। इन शाखाओं में दवाइयों के 18 खुदरा बिक्री केन्द्र भी शामिल है ।

(ख) जी हां।

(ग) इस समय सुपर बाजार मे एक सुरक्षा अधिकारी है । सुरक्षा अधिकारियों के दो पद रिक्त हैं।

(घ) और (ङ) मुख्य सुरक्षा अधिकारी के पदधारी का चयन किया जा चुका है । पुलिस मुख्यालय, दिल्ली से संबंधित अधिकारी (दिल्ली पुलिस में निरीक्षक) को शीघ्र कार्यमुक्त करने का अनुरोध किया गया है, ताकि वह सुपर बाजार में प्रतिनियुक्ति आधार पर मुख्य सुरक्षा अधिकारी के पद का कार्यभार ग्रहण कर सके।

उत्तर प्रदेश में बीड़ी मजदूर

1226. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:** क्या **श्रम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) उत्तर प्रदेश मे वर्तमान मे कुल कितने बीड़ी मजदूर हैं;